# साइबर क्लब ने तकनीकी कौशल और रचनात्मकता का किया शानदार प्रदर्शन

**भोपाल।** बहुप्रतीक्षित एक दिवसीय इंटरकॉलेजिएट तकनीकी कार्यक्रम, टेक्नोस्पार्क 2023-24, गेमिंग प्रतियोगिता में बीएसएसएस की टीम द्वारा एक उल्लेखनीय उपलब्धि देखी गई। उन्होंने प्रतिष्ठित रु 10,000 नकद पुरस्कार. बीएसएसएस कॉलेज में कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के अंतर्गत साइबर क्लब के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

पूरे भारत के 10 विश्वविद्यालयों को कवर करने वाले 6 राज्यों के 30 कॉलेजों का प्रतिनिधित्व करने वाले 164 व्यक्तियों की भागीदारी के साथ, टेक्नोस्पार्क ने तकनीकी कौशल और रचनात्मकता का जीवंत प्रदर्शन किया। एचओडी सुश्री स्वाति शर्मा और साइबर क्लब प्रभारी श्री आशीष जैन के नेतृत्व में, संकाय और छात्र स्वयंसेवकों की एक समर्पित टीम के साथ, कार्यक्रम को सटीकता के साथ आयोजित किया गया, जिससे इसकी शानदार सफलता सुनिश्चित हुई। प्राचार्य डॉ. फादर की उपस्थिति जॉन पीजे, वाइस प्रिंसिपल और डीन ने नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए इस अवसर की भव्यता बढ़ा दी। इसके अलावा, विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र भी दिए गए। एमओयू पार्टनर, रोबोनॉट्स इंडिया द्वारा दिए गए समर्थन ने इस आयोजन को और समृद्ध किया, जो प्रतिभा और नवाचार के पोषण के लिए एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण का प्रतीक है।

## मंडल कार्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई

**भोपाल ।** मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने मंडल के सभी रेलकर्मी साथियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि- बाबा साहब के आदर्श जीवन से सीख लेते हुए हम सब को उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलकर एक समावेशी और समतावादी समाज की स्थापना के लिए प्रयास करें । हमें बाबासाहेब के असीम साहस और जुझारू व्यक्तित्व से प्रेरणा लेते हुए रेलवे की छवि निर्माण में अपना सक्रिय योगदान देना है।

इस अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबंधक द्वय श्रीमती रश्मि दिवाकर एवं श्री योगेश कुमार सक्सेना, मुख्य परियोजना प्रबंधक(गति शक्ति)- के.एल. मीना,वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक सौरभ कटारिया, वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी श्री विजय कुमार सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व यूनियन पदाधिकारी उपस्थित थे। इससे पूर्व भोपाल मंडल पर सभी स्टेशन एवं डिपो कार्यालयों में रेल कर्मियों द्वारा दिनांक 14 अप्रैल 2023 को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. बी.आर.अंबेडकर जी की 133 वीं जयंती बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर, श्रद्धासुमन अर्पित कर गरिमामय तरीके से मनाई गई।

# एमेजॉन पर मीडियाटेक डेज में हर किसी के लिए अद्भुत उत्पाद

**भोपाल।** प्रति वर्ष दो अरब से अधिक कनेक्टेड एज डिवाईस को ताकत प्रदान कर रही विश्व की अग्रणी फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी मीडियाटेक ने 16 अप्रैल से 20 अप्रैल तक एमेजॉन पर 'मीडियाटेक डेज़' अभियान की घोषणा की है। एमेजॉन पर 5 दिनों तक चलने वाले इस अभियान के दौरान मीडियाटेक प्रौद्योगिकी को लोकतांत्रिक बनाने और उपभोक्ता को अगली पीढ़ी के प्रौद्योगिकी समाधान उपलब्ध कराने पर ध्यान देगी।

एमेजॉन पर मीडियाटेक स्टोर, महान प्रौद्योगिकी तक सभी की पहुंच सुलभ बनाकर हर किसी का जीवन तेज और बेहतर करने के लिए संभावनाओं की दुनिया के द्वार खोलता है। मीडियाटेक विश्व के सबसे बड़े ब्रांडों के स्मार्ट डिवाइस को ताकत प्रदान करती है जिनमें स्मार्ट स्पीकर्स, स्मार्ट टीवी, क्रोमबुक्स, टैबलेट्स, वियरेबल्स, वाईफाई राउडर्स, फिटनेस उपकरण आदि शामिल हैं।

## हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स बोर्ड ने 4860 मिलियन जुटाने को मंजूरी दी

**भोपाल।** इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन कॉन्ट्रैक्टिंग सर्विसेज में अग्रणी हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने फुली कन्वर्टिबल वारंट्स के प्रेफेरेंशिएल इश्यू के 4860 मिलियन रुपये के फंड रेज़ को 300 रुपये प्रति वारंट के इश्यू प्राइस मंजूरी दी। प्रस्तावित आवंटियों में एफआईआई और नॉन-प्रमोटर ग्रुप के अन्य इन्वेस्टर्स शामिल हैं। बोर्ड ने ऑथराइज्ड शेयर कैपिटल में वृद्धि और एक धन जुटाने वाली कमेटी के गठन को भी मंजूरी दी। राष्ट्र-निर्माण प्रक्रिया में बढ़ती मांग के जवाब में, हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड तेजी से उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरा है।

## छोटे बच्चों वाले एलेक्सा पर बिताते हैं दोगुना अधिक समय

**भोपाल।** भारत में छोटे बच्चों वाले परिवार, जो एलेक्सा का उपयोग करते हैं, वे अन्य उपयोगकर्ताओं के मुकाबले इसका दोगुना उपयोग करते हैं और इस पर भारतीय लोककथाओं से लेकर जानवरों तक की आवाजें सुनते हैं। छोटे बच्चों के माता-पिता अपने रोजमर्रा के पालन-पोषण से जुड़े काम में एलेक्सा की मदद लेते हैं और एलेक्सा से राइम, कहानियां, खेल, सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न आदि पूछकर अपने बच्चों को व्यस्त रखते हैं। उपयोगकर्ता एलेक्सा को हिंदी, अंग्रेजी और हिंग्लिश में सरल वॉयस कमांड देने की आसानी और सुविधा का आनंद लेते हैं, जिससे एआई, माता-पिता के लिए सहायक और बच्चों के लिए साथी बन जाता है। वाइल्ड प्लैनेट स्किल के माध्यम से जानवरों की आवाज़ पैदा करने की एलेक्सा की क्षमता ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के बस्ती में एक 13 वर्षीय लड़की और उसकी 15 महीने की भतीजी को बंदर के हमले से बचाने में मदद की। एलेक्सा, कुत्ते की आवाज़ निकालो बोलकर वह लड़की बंदरों को डराने में सफल रही। अमेजन इंडिया के एलेक्सा के निदेशक और कंट्री मैनेजर, दिलीप आर.एस. कहते हैं, माता-पिता अक्सर हमें बताते हैं कि एलेक्सा उनके लिए बच्चों के लालन-पालन के लिहाज से बेहद मददगार है।

# नैक की विनियमन प्रक्रिया में उन्नयनीकरण पर कार्यशाला

## नैक के चेयरमैन प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धे करेंगे संबोधित

**भोपाल।** राजधानी में आईसेक्ट और सृजन संस्था के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की विनियमन प्रक्रिया में उन्नयनीकरण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कल 16 अप्रैल को कुशाभाऊ ठाकरे हाल में किया जा रहा है। इस कार्यशाला में हाल ही में नैक की ग्रेडिंग प्रणाली में होने वाले बदलावों को लेकर चर्चा की जाएगी।

नैक की विनियमन प्रक्रिया में सुधार और शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रभाव पर विषय विशेषज्ञ अपने अनुभव और विचार साझा करेंगे। जिसमें बतौर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की कार्यकारी समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर अनिल सहस्त्र विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। मंगलवार 16 अप्रैल को दो विभिन्न सत्रों में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रथम सत्र 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा। प्रथम सत्र की अध्यक्षता संतोष चैबे, चेयरमैन आईसेक्ट करेंगे। वहीं डॉ अमोघ कुमार गुप्ता, अध्यक्ष, सृजन, डॉ. भरत शरण सिंह, अध्यक्ष, मप्र निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, प्रसन्न शर्मा, अध्यक्ष निवेदिता सोसायटी उपस्थित रहेंगे। वहीं दूसरे सत्र में डॉ अमिताभ सक्सेना, प्रसिद्ध शिक्षाविद, डॉ एन के तिवारी, डॉ डी के स्वामी उपस्थित रहेंगे। नैक ने देश में उच्च शैक्षणिक संस्थानों के लिए बाइनरी प्रत्यायन और परिपक्वता आधारित ग्रेड प्रत्यायन की शुरुआत करते हुए मान्यता प्रक्रिया में व्यापक बदलाव शुरू किए हैं। सभी संस्थानों को मान्यता प्रक्रिया में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए ग्रेड के बजाय बाइनरी प्रत्यायन होगा जिससे उच्च शिक्षा प्रणाली में एक गुणवत्ता संस्कृति का निर्माण होगा। नई शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य शिक्षण प्रशिक्षण को मजबूत करना, मौजूद परीक्षा प्रणाली में सुधार और शिक्षा के ढांचे में सुधार जैसे जरूरी क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करना है। वहीं सकल नामांकन अनुपात को वर्ष 2037 तक 50 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है।

आज ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित करना है जो सभी नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करे। कार्यशाला में इन विषयों पर सारगर्भित चर्चा की जाएगी। इसी श्रृंखला में नैक ने यह उन्नयनीकरण की योजना प्रस्तावित की है जिस पर मध्य प्रदेश के प्रमुख शिक्षाविद हिस्सा लेंगे।

## आईआईएचएमआर विवि ने उच्चतम पैकेज के साथ बनाया नया रिकॉर्ड

**भोपाल।** भारत के अग्रणी स्वास्थ्य प्रबंधन अनुसंधान विवि, आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी ने 35.62 एलपीए के उच्चतम पैकेज के साथ इस सीजन में अब तक का अभूतपूर्व प्लेसमेंट दर्ज किया है। वर्ष 2022 में आईआईएचएमआर के 17.22 एलपीए के उच्चतम पैकेज को पीछे छोड़ते हुए यह अब तक का उच्चतम प्लेसमेंट पैकेज है। संस्थान में चल रहे प्लेसमेंट में 75 प्रतिशत छात्रों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न संगठनों में उल्लेखनीय पैकेज पर विभिन्न भूमिकाओं पर रखा गया है। आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष, डॉ. पीआर सोडानी ने प्लेसमेंट के बारे में बताया कि, इस साल कैंपस में भर्तीकर्ताओं से उत्कृष्ट प्लेसमेंट प्राप्त होने की हमें बेहद खुशी है। स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के वैश्विक प्रोत्साहन को देखते हुए हेल्थकेयर इंडस्ट्री के पैकेज में बढ़ोतरी देखी जा रही है। मैं छात्रों को प्लेसमेंट पाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं, वे अपनी सफलता की कहानियां इसी प्रकार लिखते रहेंगे।

# केंद्रीय संस्कृत विवि परिसर में अंबेडकर जयंती मनाई

**भोपाल।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के भोपाल परिसर में डॉ भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में आभासीय माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि प्रो सुधीर कुमार जवाहरलाल नेहरु विवि, नई दिल्ली उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय संस्कृत विवि , नई दिल्ली के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने की। यह कार्यक्रम दिल्ली मुख्यालय द्वारा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया गया। जिसमें परिसर एवं आदर्श विद्यालयों के प्राध्यापकगण एवं छात्र शामिल रहे। इस अवसर पर प्रो.सुधीर कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर हमारे देश के संविधान के जनक रहे हैं जिनके आदर्श आज भी हमारे लिए प्रेरणा स्रोत का कार्य करते हैं। उनके द्वारा चलाए गए समानता के आंदोलन तथा भेदभाव की समाप्ति के लिए किए गए प्रयास आज भी हमारे लिए स्मरणीय हैं।उन्होंने संस्कृत भाषा का उदघोष किया और संस्कृत भाषा के विकास के लिए मार्ग निर्देशन किया । कार्यक्रम के अध्यक्ष केंद्रीय संस्कृत विवि नई दिल्ली के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने कहा कि जिस व्यवस्था के अनुरूप भारत प्रगति कर रहा है वह व्यवस्था संविधान पर आधारित है ।यह संवैधानिक व्यवस्था डॉ भीमराव अंबेडकर की देन है ।भारत का संविधान विश्व प्रसिद्ध है जिसकी अपनी अनूठी पहचान है। यह संविधान की विशिष्टता है कि आज यह हमारे लिए जीवन्त रूप मे उपस्थित है।

## रैपिडो और मप्र चुनाव आयोग की पहल मतदाताओं को प्रदान करेगी परिवहन सेवाएं

**भोपाल।** देश के लोकतांत्रिक ढांचे को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता के साथ भारत के प्रमुख कम्यूट ऐप रैपिडो ने राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए 'सवारी जिम्मेदारी की' पहल का लॉन्च किया है। मध्य प्रदेश राज्य चुनाव आयोग के सहयोग से रैपिडो भारतीय आम चुनाव 2024 के दौरान नागरिक भागीदारी में भूमिका निभाने जा रही है। अपनी इस ऐतिहासिक पहल के तहत रैपिडो मध्य प्रदेश के मुख्य शहरों जैसे जबलपुर, भोपाल, ग्वालियर, इंदौर और उज्जैन में मतदाताओं को मुफ्त बाईक टैक्सी राईड उपलब्ध कराएगी। नागरिकों के मतदान के अधिकार को बढ़ावा देना तथा चुनाव प्रक्रिया को अधिक समावेशी बनाना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। ये प्रयास रैपिडो के राष्ट्रव्यापी अभियान के अनुरूप हैं, जिसके तहत 100 से अधिक शहरों में चुनाव के दिन मुफ्त राईड उपलब्ध कराने के लिए 10 लाख से अधिक कैप्टन्स को लगाया गया है।

## सूडोकु नवताल- 7036

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7035 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## काकुरो पहेली - 6715



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+ 8 + 9 = 23
7+ 8 + 9 = 24
1 +2+ 3 + 4+5 = 15
1 +2+ 3 + 4+6 = 16

### काकुरो - 6714 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8102



**बाएँ से दाएँ**

1.वटवृक्ष, बट-4
4.मितव्यय,बचत 4
6. .....-सनाप, बेतुकी बकवास-3
8.भाड़ा-3
9.मृत्यु होना-3
11.खुशी, सहमत 2
13.अक्लमंद, समझ वाला-5
15.बलिदान, उत्सर्ग-2
16.जबान, जीभ, जिह्वा 3
18.गिरोह, मंडली, समूह-3
19.अपनापन, प्रेम, स्नेह 3
20.फूलना-फलना-4
22.अभिलाषा, आकांक्षा, हसरत 4

**ऊपर से नीचे**

1.कलंकित, निंदित, लांछित-3
2.दुख, शोक, अफसोस-2
3.खात्मा, समाप्ति, बर्बाद 3
4.मकान आदि भाड़े पर लेने वाला-5
5.संस्कृति, सभ्यता 4
7.स्पर्श, छूना-3
10.ख्याति अर्जित करना (मु. 2,3)
12.वह आरोप जो किसी आरोप के जवाब में किया जाय 4
14.परंपरा, नियम, चाल -3
17.ख्याति, जाना पहचाना 3
18.माला आदि फैरना-3
21.जेबकतरा, ठग, डाकू-2

### शब्द पहेली -8101 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6533



**ऊपर से नीचे:-**

१. सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
२. संजयदत्त, जूही चावला की 'आलांरे पाइस अला' गीत वाली फिल्म-३
३. आशुतोष गोवारीकर की ऋतुचर्चित फिल्म 'लगान' के संगीतकार कौन है-४
४. जीतेंद्र, रीना रॉयचौधरी की फिल्म-२
५. संजय खान, मुमताज की 'ऐ हसीनों नाजनीनों' गीत वाली फिल्म-२
७. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, ट्विंकल की फिल्म-२
९. फिल्म 'मन की आँखें' की नायिका थी-३
११. शाहरुख, माधुरी की 'अड़ी मुश्किल है' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'गोरिया रेगोरिया रे' गीत वाली जैकी, जूही, अमृता की फिल्म-३
१३. कपूर, नर्गिस की 'काहे कोयल शोर मचाये' गीत वाली फिल्म-२
१४ 'तन्हा तन्हा दिल धड़के' गीत वाली अक्षय कुमार, सोनाली की फिल्म-३
१५, 'अभिमान' में अमिताभ की नायिका-२
१६. कल कलर, रेखा की 'बधावनी ना जहयो' गीत वाली फिल्म-३
१८. कलेश एका, कमीना की फिल्म-२
१९, 'बेचारा दिल क्या करे' गीतवाली फिल्म-३
२१. धर्मेन्द्र, कलेश एका, शहीदा की फिल्म-३
२२. 'कोयल बोली दुनिया डोली' गीत वाली फिल्म-४
२३. अमिताभ, संजीव, शर्मिला की फिल्म-३
२५. 'मैं तो हूँ पागल मुंडा' गीत वाली फिल्म-२
२६. संजयदत्त, सलमान, रवीना की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. मनोज वाजपेयी, अस्वाद, तब्बू की 'आज मेरे ये' गीत वाली फिल्म-२
२. 'जीवन से भरे' गीत वाली कलेश एका, शर्मिला टेगोर की फिल्म-३
४. सुनील शेट्टी, शिल्पा शेट्टी की 'हैलो हैलो बोलके' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ऐसा मिलन कल हो ना' गीत वाली सैफअली, काजोल की फिल्म-३
८. कुमार गौरव, किनकेना की 'याद आ रही है' गीत वाली फिल्म-२,२
१०. 'आँखें' की नायिका कौन थी-२
१२. 'दिल में छुपाके प्यार' गीत वाली दिलीपकुमार, निम्मी की फिल्म-२
१३. दिलीपकुमार, मीना की 'बधा ना बोले ना' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'किसी से तुम' गीत वाली लाव दत्ता, प्रियंका, अक्षय की फिल्म-३
१६. कपूर, कलेंद्र, कैनवंती की 'मैं क्या करूँ कम' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'छूकर मेरे मन को' गीत वाली अमिताभ, अमजद, नीतू की फिल्म-३
२०. फिल्म 'कहानी किस्मत की' में धर्मेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
२२. कसीर, आमिर, सोनाली, उपासना की 'जो हाल दिल' गीत वाली फिल्म-५
२४. 'दिल में जागी धड़कन' गीत वाली लकी अली, गौरी की फिल्म-२
२५. अशोककुमार के गाये बालगीत 'रेलगाड़ी रेलगाड़ी' वाली फिल्म-४
२७. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
२८. संजयदत्त, मनीषा की 'कसम से कसम से' गीत वाली फिल्म-३
२९. अजय, अभिषेक, रानी, एशा की 'कभी नीम नीम' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 6532

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6642

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 4 | 1 | | | 7 |
| | 37 | | 28 | 2 | 26 | |
| 7 | 5 | | | 3 | 1 | 4 |
| | 31 | 6 | 33 | | 28 | |
| 3 | | | 4 | | | 5 |
| | 31 | 3 | 33 | 6 | 36 | |
| 5 | 2 | | | 1 | 6 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 6641 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 |
| 6 | 35 | 5 | 30 | 2 | 25 | 1 |
| 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 |
| 1 | 33 | 6 | 31 | 4 | 29 | 2 |
| 2 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 |
| 4 | 33 | 3 | 31 | 6 | 37 | 6 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7642

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | हु | मे | रि | सो | म | ना | थ | च | ट | र्जी |
| णे | खु | कु | प | इं | जी | ने | शि | या | ड़ | नी |
| श | पी | जा | म | र | ग | बा | द | ह | प | ल |
| मा | ग | ए | पा | सिं | दू | स | ल | ह | लि | म |
| व | र | अ | सं | न | ह | ला | कि | यो | प | सं |
| ल | इ | वि | गो | ग | प | वा | शी | ह | गी | जी |
| न | जी | ल | रा | व | मा | जो | न | व | प | व |
| क | रि | भा | र | य | र | स | रा | ल | वि | रे |
| र | या | बा | तें | ह | न | ज | जी | शा | जू | ड़ी |
| र | ग | ल | नो | शि | व | रा | ज | पा | टि | ल |
| वां | स | म | प | ब | लि | रा | म | भ | ग | त |

शब्द जाल में निर्वाचित 10 लोकसभा अध्यक्षों के नाम ढूंढिए.नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं.

गणेश मावलनकर, हुकुम सिंह, नीलम संजीव रेड्डी, बलिराम भगत, रवि राय, पी.ए. संगमा, शिवराज पाटिल, जी. बालयोगी, मनोहर जोशी, सोमनाथ चटर्जी

### शब्दजाल - 7641 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore